संख्या:35/2025/283/35-4-2025/35-4099/68/2024

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक 18 मार्च,2025

विषय: त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत कतिपय कार्य के निरस्तीकरण के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद-मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2022-23 में शासनादेश संख्या-471/2023/1137/35-4-2023 दिनांक 28 मार्च, 2023 द्वारा स्वीकृत 10 कार्यों में से क्रमांक-2 पर अंकित कार्य यथा-वि0ख0 सिटी के न्याय पंचायत गहरवार के ग्राम चिन्दलिख गहरवार में हनुमान मंदिर से ठकुरान बस्ती तक सड़क निर्माण-लं0 0.5 किमी0 की रू0 42.28 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रू0 21.14 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

2- जिलाधिकारी, मीरजापुर द्वारा पत्र संख्या-203/त्वरित आर्थिक विकास/2024-25 दिनांक 28.02.2025 द्वारा उपर्युक्त उल्लिखित शासनादेश के क्रमांक-2 पर अंकित कार्य को निरस्त किये जाने की संस्तुति के क्रम में एतद्द्वारा उक्त कार्य की स्वीकृति को निम्नशर्तों के अधीन निरस्त किए जाने की श्री राज्यपाल स्वीकृति प्रदान करते हैं।

1. उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च, 2023 के क्रमांक-2 पर अंकित उपर्युक्त कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि नियमानुसार राजकोष के सुसंगत खाते में जमा करते हुए ट्रेजरी चालान की प्रति सहित सूचना नियोजन विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी।
2. उपर्युक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च, 2023 द्वारा स्वीकृत शेष कार्यों हेतु, इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,

राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

1.यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2.इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या:35/2025/283(1)/35-4-2025/35-4099/68/2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, विन्ध्याचल मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मीरजापुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-सम्बंधित संयुक्त निदेशक, स्टेट टांसफार्मेशन कमीशन, नियोजन विभाग।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मीरजापुर।
14- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मीरजापुर।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1.यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2.इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।